अगली फिल्म में पुलिसवाली बनेंगी अनुष्का शर्मा?

ऐक्ट्रेस अनुष्का शर्मा की पिछली फिल्म जीरो रिलीज हुई थी। इस फिल्म को रिलीज हुए 6 महीने से ज्यादा हो गए हैं और अभी तक अनुष्का ने अपनी अगली किसी फिल्म की घोषणा नहीं कि है। अब खबर आ रही है कि जल्द ही अनुष्का शर्मा अपनी अगली फिल्म साइन कर सकती हैं।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, अपनी अगली फिल्म में अनुष्का एक पुलिसवाली के रोल में दिख सकती हैं। हालांकि अभी तक इस फिल्म के बारे में ज्यादा डीटेल्स सामने नहीं आई हैं लेकिन बताया जा रहा है कि यह फिल्म एक मजबूत सब्जेक्ट पर होगी और अनुष्का एकदम नए लुक में दिखेंगी।

रिपोर्ट में बताया गया है कि फिल्म से जुड़े एक सूत्र के मुताबिक, अनुष्का लगातार एक अच्छी स्क्रिप्ट की तलाश कर रही हैं और ऐसा लगता है कि उन्हें यह महिला पुलिस अधिकारी का यह रोल अच्छा लगा है। अगर ऐसा है तो अनुष्का पहली बार पुलिसवाली का किरदार निभाएंगी। बताया जा रहा है कि अभी इस फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है और जल्द ही अनुष्का इस रोल के लिए तैयारी शुरू कर देंगी ताकि वह अपने कैरक्टर में परफेक्ट दिखें। बता दें कि पिछले साल जीरो के अलावा अनुष्का की सुई धागा: मेड इन इंडिया, संजू और परी भी रिलीज हुई थीं।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

पिंक कलर के शर्टलेस पैंटसूट में जाह्नवी कपूर का हॉट अंदाज

पिछले दिनों हुए एक अवॉर्ड शो में दीपिका पादुकोण से लेकर करण जौहर, विकी कौशल से लेकर कल्कि कोचलिन, राधिका आप्टे और न्यूकमर्स जाह्नवी कपूर और अनन्या पांडे जैसे सितारों के अलावा टीवी इंडस्ट्री की कई हस्तियां भी मौजूद थीं। ये सभी सिलेब्रिटीज अपने बेस्ट फैशन अवतार में नजर आ रहे थे। रेड कार्पेट पर पहुंचे सितारे अपने ड्रेसिंग सेंस से इंप्रेस करने में लगे थे लेकिन सबसे ज्यादा आकर्षित अगर किसी ने किया तो वह थीं धड़क ऐक्ट्रेस जाह्नवी कपूर ने।

जाह्नवी कपूर अपने स्टाइलिश पैंटसूट में पावर गर्ल जैसी लग रहीं थीं। जाह्नवी ने पिंक कलर का पैंटसूट पहना था जो शर्टलेस था और इस वजह से ब्लेजर की प्लंजिंग नेकलाइन जाह्नवी को हॉट लुक दे रही थी। जाह्नवी ने इस पैंटसूट को ब्लैक कलर के शूज, बोल्ड रेड कलर की लिपस्टिक, खुले बाल और कानों में बड़ी-बड़ी राउंड ईयररिंग्स के साथ टीमअप कर पहना था।

यह कोई पहली बार नहीं जब जाह्नवी पैंटसूट लुक में नजर आयीं हों। इससे पहले जाह्नवी ब्लू कलर के पैंटसूट में और ब्लैक कलर के फ्लोरल प्रिंट वाले पैंटसूट में भी नजर आ चुकी हैं। जाह्नवी ने बॉलिवुड में भले ही अब तक सिर्फ एक फिल्म में काम किया हो लेकिन आए दिन वह अपने जिम लुक और जिम शॉर्ट्स की वजह से जरूर चर्चा में रहती हैं।

खतरों के खिलाड़ी 10 में नजर आ सकती हैं अदा खान

बॉलिवुड डायरेक्टर रोहित शेट्टी के स्टंट बेस्ड रिऐलिटी शो खतरों के खिलाड़ी' के दसवें सीजन को लेकर एक नया अपडेट है। खबर है कि नागिन फेम ऐक्ट्रेस अदा खान इस शो का हिस्सा बन सकती हैं। इसे पहले हमने आपको बताया था कि हाल ही में क्रिकेट से संन्यास लेने का ऐलान करने वाले युवराज सिंह को शो के लिए मेकर्स ने अप्रोच किया है। युवराज के अलावा टीवी ऐक्टर करण पटेल और ऐक्ट्रेस क्रिस्टल डिसूजा से भी मेकर्स की बातचीत चल रही है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, शो के मेकर्स की अदा खान से बातचीत चल रही है। हालांकि अभी तक इसपर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। एकता कपूर के पॉप्युलर शो नागिन के दूसरे सीजन में अदा ने शेषा का किरदार निभाया था। इसके पहले अदा ने सीरियल अमृत मंथन में राजकुमारी अमृत का नेगेटिव किरदार निभाया था। नागिन 2 के बाद अदा ने ऐक्टिंग से एक साल का ब्रेक लिया था। पिछले साल अदा ने टीवी शो सितारा में विषकन्या के पॉजिटिव किरदार में छोटे परदे पर वापसी की थी। बता दें कि रोहित खतरों के खिलाड़ी 10 की शुटिंग शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं। इस बार शो की शूटिंग बुल्गारिया में होगी। शो के अगले सीजन की शूटिंग अगस्त में शुरू करने के लिए रोहित अपनी फिल्म 'सूर्यवंशी' से ब्रेक लेने वाले हैं। इस समय वह हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में अक्षय कुमार और कटरीना कैफ के साथ फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। खतरों के खिलाड़ी का पिछला सीजन कोरियॉग्रफर-ऐक्टर पुनीत जे पाठक ने जीता था।